संक्षिप्त

30 टीबी मरीजों को किया पोषण किट वितरित

टोंक। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पीपलू में टीबी उन्मूलन की दिशा में एक संयुक्त पहल की गई। यहाँ रामेश्वर प्रसाद मेमोरियल सेवा संस्थान और सीएचसी स्टाफ के सहयोग से 30 पंजीकृत टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित किए गए। संस्थान की ओर से परीक्षित साहू व सीए आकाश जैन, एवं सीएचसी से डॉ. कमलेश कुमार मीना व डॉ. पुखराज पहाड़िया ने निक्षय मित्र बनकर मरीजों को संबल प्रदान किया। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. हिमांशु मित्तल ने टीबी की बीमारी की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने निक्षय मित्र मुहिम के महत्व को समझाते हुए मरीजों को निर्देश दिए कि इलाज को बीच में न छोड़ें और दवा का कोर्स पूरा करें। सीएचसी इंचार्ज डॉ. कमलेश कुमार मीणा ने आमजन और भामाशाहों से अधिक से अधिक संख्या में निक्षय मित्र बनने की अपील की, ताकि कोई भी मरीज पोषण के अभाव में न रहे।

'राजस्थान का बजट घोषणाओं का ही पुलिंदा है'

मनोहरपूर । अखिल भारतीय किसान कांग्रेस ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट को लेकर हर वर्ग को उम्मीद थी, लेकिन वह भी निराशा में ही तब्दील हो गई। निवेश प्रोत्साहन के नाम पर सरकार ने सिर्फ प्रचार किया है, परंतु ज़मीनी स्तर पर निवेश होता दिख नहीं रहा है।

सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का आयोजन जारी

कोटपूतली। कस्बे के डाबला रोड़ स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर के 06 वें दिन गुरूवार को छात्राओं के समग्र विकास एवं जागरूकता को ध्यान में रखते हुए दो महत्वपूर्ण सत्रों में व्याख्यान आयोजित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वयंसेविकाओं को लोकतांत्रिक व्यवस्था, महिला नेतृत्व, सामाजिक भागीदारी तथा स्वास्थ्य जागरूकता के प्रति प्रेरित करना रहा। प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता ग्राम पंचायत

राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन हुआ।

- पंचायतीराज एवं ओरल हैल्थ पर प्रेरक व्याख्यान का आयोजन

खड़ब के सरपंच मालाराम सूद ने पंचायतीराज व्यवस्था को महिला सशक्तिकरण का सशक्त मंच बताते हुए ग्राम पंचायत की संरचना, चुनाव प्रणाली तथा 73वें एवं 74वें संविधान संशोधन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में महिलाओं के आरक्षण, उनकी भागीदारी और नेतृत्व क्षमता पर चर्चा करते हुए कहा कि पंचायतीराज व्यवस्था ने महिलाओं को अभिव्यक्ति, निर्णय क्षमता और विकास योजनाओं में सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर प्रदान किया है। उन्होंने ग्राम पंचायतों के कार्यों, जल संरक्षण अभियानों, ग्रामीण विकास योजनाओं तथा सामाजिक मुद्दों पर भी जानकारी साझा की और छात्राओं को समाज एवं राजनीति में सकारात्मक भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि स्थानीय स्वशासन की मजबूती से ही लोकतंत्र की जड़ें मजबूत होती हैं और महिलाओं की भागीदारी से समाज अधिक संवेदनशील एवं समावेशी बनता है। द्वितीय सत्र में राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय की दंत चिकित्सक डॉ. सीना मीणा ने ओरल हैल्थ एवं दंत रोगों से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि दांतों और मुंह की स्वच्छता का सीधा संबंध शरीर के समग्र स्वास्थ्य से होता है, क्योंकि मुंह शरीर के अन्य अंगों से सीधे जुड़ा होता है।

उन्होंने दांतों में होने वाले संक्रमण, मसूड़ों की समस्याओं, पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को नियमित ब्रशिंग, संतुलित आहार और समय-समय पर दंत जांच कराने के महत्व से अवगत कराया। डॉ. मीणा ने छात्राओं से कहा कि मुस्कान आत्मविश्वास का प्रतीक है और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर वे जीवन की चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकती हैं। कार्यक्रम के दौरान जेंडर संवेदनशीलता, पंचायतीराज और महिला सशक्तिकरण के संदर्भ में डॉ. कमलेश यादव ने महिला नीति के विभिन्न आयामों पर अपने विचार रखे।

रोल पर्यवेक्षक ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया

किशनगढ़ बास। रोल पर्यवेक्षक नवीन जैन ने गुरुवार को उपखंड कार्यालय किशनगढ़ बास में सभी निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) की बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने एसआईआर से पूर्व मतदाताओं की संख्या, पुनरीक्षण के दौरान एएसडी मतदाताओं के आंकड़े, प्रारूप प्रकाशन में शामिल मतदाताओं की संख्या तथा क्लेम और ऑब्जेक्शन से संबंधित संपूर्ण जानकारी प्राप्त की। रोल पर्यवेक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुनरीक्षण कार्य पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए। बैठक के बाद रोल पर्यवेक्षक नवीन जैन ने एसडीएम मनीष जाटव, तहसीलदार सुभाष यादव के साथ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बम्बोरा स्थित मतदान केंद्र संख्या 244,245,246 और 247 एवीएन राज्य के बालिका उच्च मध्यमिक विद्यालय तिजारा स्थित मतदान केंद्र 237, 240, 241,242 का निरीक्षण किया।

विधार्थियों ने दौड़ प्रतियोगिता में लिया भाग

कोटपूतली । राजकीय एलबीएस पीजी महाविधालय में गुरूवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में खेल सप्ताह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य प्रो. आर के सिंह ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविष्वास, नेतृत्व क्षमता तथा टीम भावना का विकास करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिये प्रेरित किया।

सार्वजनिक सूचना

मेरे मुवक्किल हरीश कुमार सोनी पुत्र दुर्गा लाल सोनी निवासी 816, संजय नगर, सरकारी स्कूल के पास, ठीसीएम अजमेर रोड, जयपुर ने अपने पुत्र गगन सोनी को उसके अनुचित आचरण अवज्ञा एवं पारिवारिक कारणों के कारण अपनी चल व अचल सम्पत्ति से आज से पूर्णत बेदखल एवं निष्कासित कर दिया है। अतः मेरे अभिभाष्य द्वारा स्वअर्जित भविष्य मे अर्जित उत्तराधिकारी के प्राप्त किसी भी प्रकार की चल अचल सम्पत्ति में मेरे अभिभाष्य के पुत्र का कोई अधिकार दावा हिस्सा या संबंध नहीं रहेगा साथ ही यह भी स्पष्ट किया जाता है कि यदि भविष्य मे मेरे अभिभाष्य के पुत्र कोई भी कानूनी कार्यवाही दावा, वाद, मुकदमा, विवाद, लेना-देना हक अथवा अन्य कानूनी कार्यवाही जिम्मेदारी स्वयं मेरे अभिभाष्य के पुत्र की होगी, आर्थिक दायित्वो के लिए मेरे अभिभाष्य पूर्णत उत्तरदायी नहीं रहेंगे। सूचित रहे।

दिनांक-12.02.2026 (कृष्णकांत शर्मा) एडवोकेट मो. 9024573048

खोया पाया

मेरे FLAT NO. 26/B/602 MNIT FACULTY RESIDENCY, SEC-26 प्रताप नगर, सांगानेर जयपुर का मूल आरक्षण पत्र (7884/14.10.2025) कहीं गुम हो गया है। मिलने पर सम्पर्क करें। 9004494322

कार्यालय उपायुक्त (विद्याधर जोन) नगर निगम जयपुर (अम्बाबाड़ी सर्किल, अम्बाबाड़ी, जयपुर)

क्रमांक:- एफ-55 (वि.जोन/ज.न.नि./2026/3595 दिनांक:- 12.02.26

सार्वजनिक सूचना भूखंड सं. 23, स्कीम नं.2, पंचवटी कॉलोनी, झोटवाड़ा जयपुर (शिल्पाचार्य गृह. नि.स.स) का श्री राधेश्याम गुप्ता पुत्र श्री मदन लाल गुप्ता को जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा पट्टा क्रमांक 3417 दिनांक 27.03.2001 क्षेत्रफल 105.73 वर्गगज भूमि का लीज डीड पट्टा जारी किया गया था। श्री राधेश्याम गुप्ता पुत्र श्री मदन लाल गुप्ता द्वारा उक्त पट्टे को पंजिकृत नहीं करवाया गया जिसमे उक्त पट्टा NULL AND VOID हो गया है। आवेदक श्री राधेश्याम गुप्ता पुत्र श्री मदन लाल गुप्ता द्वारा भूखंड सं. 23, स्कीम नं.2, पंचवटी कॉलोनी, झोटवाड़ा जयपुर क्षेत्रफल 105.73 वर्गगज का फ्री होल्ड पट्टा अपने पक्ष में किये जाने हेतु आवेदन किया गया है। इस बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कंपनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय मे प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि समाप्ति के बाद विधिवत नियमानुसार फ्री होल्ड पट्टा जारी करने की कार्यवाही संपादित कर ली जावेगी। उपायुक्त विद्याधर जोन, नगर निगम जयपुर

राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त- प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर

क्रमांक: 10205 **जाहिर आम सूचना** दिनांक 06.02.2026

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 265/132 (EWS), (एरिया 47.625 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन कुमारी गार्गी अग्रवाल पुत्री श्री अनिल कुमार अग्रवाल को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 1973 दिनांक 29.03.2005 को जारी किया गया कुमारी गार्गी अग्रवाल के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 20.06.2014 को उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहाँ पंजीकृत करवाये गये। कुमारी गार्गी अग्रवाल द्वारा उक्त आवास को दिनांक 03.07.2014 के द्वारा श्रीमती नविता पारीक पत्नी श्री सुरेश जोशी को विक्रय कर उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम, जयपुर तो यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती नविता पारीक द्वारा उक्त आवास को दिनांक 14.12.2015 के द्वारा श्रीमती सुधा गुप्ता पत्नी श्री दीपेन्द्र कुमार गुप्ता को विक्रय कर उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां विक्रय पत्र को पंजीकृत करवाया गया श्रीमती सुधा गुप्ता के आवेदन पर कार्यालय आदेश क्रमांक 2033 दिनांक 16.05.2016 द्वारा नाम दर्ज किया गया। श्रीमती सुधा गुप्ता द्वारा उक्त आवास को दिनांक 15.10.2025 के द्वारा श्री मुकेश सैनी पुत्र श्री सुण्डा राम सैनी को विक्रय कर उप पंजीयक सांगानेर-द्वितीय, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/केती श्री मुकेश सैनी पुत्र श्री सुण्डा राम सैनी द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास में अपना नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है श्री मुकेश सैनी पुत्र श्री सुण्डा राम सैनी का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। संपदा प्रबंधक, वृत्त प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

घोड़ा गाड़ी पर लगा सौर ऊर्जा पैनल बना आकर्षण का केंद्र

किशनगढ़ बास। सौर ऊर्जा के बढ़ते उपयोग के बीच किशनगढ़ बास में एक अनोखा और दिलचस्प प्रयोग देखने को मिला। गुरुवार को शहर की सड़कों पर घूम रही एक घोड़ा गाड़ी लोगों के आकर्षण का केंद्र बन गई, क्योंकि उसकी छत पर सौर ऊर्जा पैनल लगाया गया था, जिससे गाड़ी में लगी बैटरी को चार्ज किया जा रहा था।

हालांकि सौर ऊर्जा संयंत्र और पैनल अब जगह-जगह देखने को मिलते हैं, लेकिन किसी पारंपरिक घोड़ा गाड़ी पर सोलर पैनल लगा होना लोगों के लिए नया अनुभव था। जैसे ही यह गाड़ी शहर में घूमती दिखाई दी, हर किसी की नजर उसकी छत पर लगे पैनल पर टिक गई और लोग इसकी चर्चा करने लगे।

राहगीर गाड़ी के पास जाकर इसे करीब से देख रहे थे। गाड़ी में प्रचार के लिए बैटरी और माइक सिस्टम लगाया गया था, जिससे लगातार अनाउंसमेंट किया जा रहा था। सौर ऊर्जा पैनल के जरिए यह बैटरी खुद-ब-खुद चार्ज होती रही, जिससे अलग से चार्जिंग की जरूरत नहीं पड़ती।

रेलवे पेंशनर्स सोसायटी फुलेरा की मासिक बैठक आयोजित

फुलेरा। रेलवे पेंशनर्स सोसायटी शाखा फुलेरा की मासिक बैठक सांभर रोड स्थित आदर्श विद्या मंदिर स्कूल में सुबह 11 बजे शाखा अध्यक्ष रमेशचंद वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत इस माह दिवंगत साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात नए सदस्य धन्नालाल का माला पहनाकर स्वागत किया गया। शाखा सचिव लाल चंद कुमावत ने माह के दौरान किए गए कार्यों की प्रगति रिपोर्ट सभा के समक्ष प्रस्तुत की।

कोषाध्यक्ष सीपी त्रिपाठी ने अपने संबोधन में रेलवे बोर्ड के महत्वपूर्ण आदेशों की जानकारी देते हुए बताया कि तलाकशुदा, विधवा एवं विकलांग करुणामूलक रीग्रांट पेंशन प्राप्त कर रहे लाभार्थी अब मेडिकल सुविधा एवं मानार्थ यात्रा पास का लाभ ले सकेंगे। साथ ही वरिष्ठ गुड्स ट्रेन मैनेजर से पैसेंजर ट्रेन मैनेजर के पद पर पदोन्नत कर्मचारियों को 19 जनवरी 2026 से वेतन वृद्धि देने के आदेश भी जारी किए गए हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि मेडिकल सुविधा प्राप्त कर रहे 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के पेंशनर अब वैध (मेडिकल) कार्ड के साथ अनुबंधित निजी अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सक से निःशुल्क परामर्श की सुविधा 31 अक्टूबर 2027 तक ले सकेंगे, बैठक का संचालन श्यामलाल सैनी ने किया।

सभा को वरिष्ठ पेंशनर मोतीलाल नागर, एसके मेहरोत्रा, गिरधर गोपाल, शेषनारायण सैनी, भगवतीप्रसाद डीक्या एवं श्याम लाल सैनी ने भी संबोधित किया। अध्यक्ष रमेशचंद वर्मा ने अपने उद्बोधन में अगले माह होली मिलन समारोह आयोजित करने की घोषणा करते हुए सभी सदस्यों से संगठित रहने एवं सर्दी के मौसम में स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने का आ ान किया। बैठक में घनश्याम जांगिड़, वीरेन्द्र बंसल, राजकुमार सिंह, बनवारी लाल, सत्यप्रकाश जांगिड़, गंगाराम, बिशन सिंह, त्रिलोकनाथ, शांतिलाल, अमरचंद कुमावत, हनुमान प्रसाद कुमावत, मदन लाल, मुकेश कुमार झा, विक्रम सिंह, राम सिंह, चौथमल धामा, अब्दुल कदीर, गीता देवी शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में पेंशनर्स उपस्थित रहे।

सांभर मुंशी समुदाय ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए मांग उठाई

सांभरझील। अभिभाषक समिति के अधीन अधिवक्ताओं के सहायक के रूप में काम करने वाले मुंशी मंडल संगठन ने वकीलों की तरह खुद की भी सुरक्षा व्यवस्था के लिए मांग उठाई।

मुंशी मंडल संगठन ने इसके लिए केंद्रीय विधि मंत्री, प्रदेश की विधि मंत्री, मुख्यमंत्री व जोधपुर बार काउंसिल के अध्यक्ष को पत्र भेजा है। मुंशी मंडल के अध्यक्ष राजेश कुमार शर्मा व सचिव भगवती प्रसाद गोड बताते हैं कि न्याय विभाग में अधिवक्तागणो का समूह है जो न्याय प्रणाली में अहम भूमिका निभाते है तथा अधिवक्ताओ के अधिनस्थ उनके क्लर्क (मुंशी) का कार्य करते है तथा अधिवक्ताओ की रक्षा हेतु उनका संगठन विद्यमान है जो बी0सी0आर के रूप में स्थापित है।

अधिवक्ताओ के अधीन मुंशीगणो के जीवन व परिवार की सुरक्षा हेतु कोई भी व्यवस्था नही है तथा मुंशीगण के परिवार में होने वाले समस्त कार्य काफी कर्जे लेकर कराया जाता है जिससे उनके ऊपर काफी कर्जे का बोझ बना हुआ है।

कोटपूतली में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण

कोटपूतली। कस्बे के बसंत प्रभु आदर्श विद्या मंदिर परिसर में बुधवार को विक्रम पहलवान द्वारा स्थापित करवाई गई स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण आरएसएस के सह प्रांत प्रचारक विशाल कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्या मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार गोयल, व्यवस्थापक महेंद्र कुमार शर्मा व आदर्श शिक्षा समिति जयपुर के उपाध्यक्ष उमराव लाल वर्मा विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उमराव लाल वर्मा ने स्वामी विवेकानंद के कोटपूतली आगमन के संस्मरण साझा करते हुये उनके आदर्शों पर चलने का आ ान किया। सह प्रांत प्रचारक विशाल कुमार ने विवेकानंद के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंगों, बाल्यकाल के साहस और समर्पण को याद कराते हुये युवाओं को उनके विचारों को अपनाने की प्रेरणा दी। विक्रम पहलवान ने सभी अतिथियों को हनुमान जी की गदा भेंटकर सम्मानित किया, जबकि सह-व्यवस्थापक जितेंद्र चौधरी ने दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

विक्रम पहलवान ने सभी अतिथियों को हनुमान जी की गद्दा भेंटकर सम्मानित किया।

विद्या मंदिर की ओर से विक्रम पहलवान व प्रधानाचार्य जगदीश माली का भी माला, दुपट्टा व गदा भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम से पूर्व यज्ञाचार्य अशोक बोहरा द्वारा यज्ञ करवाया गया।

गुस्साए कर्मचारियों ने जलाई बजट की कॉपियां

अलवर। अलवर जिला मुख्यालय के मिनी सचिवालय गेट पर राज्य सरकार के बजट के विरोध में कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने बजट की कॉपियां जलाकर अपनी नाराजग़ी जताई।कर्मचारी नेता मनोज मीणा का कहना है कि इस बार का बजट कर्मचारियों, संविदा कर्मियों, मानदेय कर्मियों और पेंशनरों के लिए बिल्कुल निराशाजनक है। बजट भाषण में कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों पर केवल तीन मिनट ही बात की गई और इस दौरान सत्ता पक्ष या विपक्ष के किसी भी नेता ने समर्थन में मेज नहीं थपथपाई। इससे साफ है कि बजट कर्मचारियों के पक्ष में नहीं है। कर्मचारियों ने बताया कि पिछले बजट में पदोन्नित की परेशानी दूर करने के लिए कैडर पुनर्गठन की बात कही गई थी, लेकिन इस बजट में न तो पदोन्नित की समस्या का हल किया गया और न ही वेतन की विसंगतियों पर कोई घोषणा हुई।

रामलाल शर्मा का 500 फुट का साफा बांधकर किया भव्य स्वागत

चौमूं / कालाडेरा। गुरुवार को सुभाष सर्किल स्थित कार्यालय पर बाबा अमरनाथ कावडिया संघ चौमूं एवं ग्रामवासियों द्वारा भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का राजस्थान के बजट में महारकलां स्थित मालेश्वर नाथ मन्दिर के विकास के लिए 4 करोड रुपए स्वीकृत करने पर कावड़ संघ के कार्यकर्ताओं और महारकलां ग्रामवासियों ने 500 फुट का साफा बांधकर माला एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया व धन्यवाद ज्ञापित किया। सुभाष सर्किल से कावड़ संघ व महारकलांवासी जुलूस के रूप में ढोल नगाड़ों पुष्प वर्षा से आतिशबाजी के साथ कार्यालय पहुंचे।

4 करोड़ के विकास की घोषणा से सभी का मन प्रफुल्लित था। भाजपा मुख्य प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने बताया कि कुछ दिनों पहले बाबा अमरनाथ कावड़िया संघ चौमूं और मालेश्वर नाथ मन्दिर पुजारी द्वारा विकास कार्यों के लिए मुलाकात की थी, जिसे मैने राज्य सरकार से विकास कार्यों के लिए मांग की थी।

बाबा अमरनाथ कावड़िया संघ चौमूं और महारकलां ग्रामवासियों द्वारा पूर्व विधायक शर्मा का आतिशबाजी कर भव्य स्वागत किया।

सरकार द्वारा बजट घोषणा में मालेश्वर नाथ मन्दिर के लिए 4 करोड़ रूपये की घोषणा किए जाने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के वीर हनुमान मन्दिर सामोद, महामाया मन्दिर बंदोल और मालेश्वर नाथ मन्दिर के विकास के लिए निरन्तर प्रयासरत हूं।

- पूर्व विधायक शर्मा ने जताया मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री का आभार, कहा- मालेश्वर मन्दिर सहित महामाया और वीर हनुमान जी मंदिर के विकास भी मेरी प्राथमिकता

नाम परिवर्तन

मैंने अपने पुत्र का नाम वंश कुमार मोटवानी से बदलकर वंश मोटवानी पुत्र दिनेश मोटवानी रख लिया है भविष्य में इसे इसी नाम से जाना जाये। पता 10-बी, कंवर नगर, जयपुर, राजस्थान

मैं पूनम देवी पत्नी बुद्धा राम निवासी सेडिया, तहसील सांचोर जिला जालौर (राज.) घोषणा करती हूँ कि मेरी बेट (मनीषा) के शिक्षा रिकार्ड में मेरा नाम गलती से पूनी देवी दर्ज है मेरा सही नाम पूनम देवी है। शपथ पत्र 19.12.2025 जयपुर

मैंने मेरा नाम किरण बाई से बदलकर किरण रख लिया है भविष्य में इसी नाम से जाना जावें, पता-ग्राम सरकनपुरा, पोस्ट मुण्डाना, तहसील तिजारा जिला खैरथल तिजारा, राजस्थान

मैं आर्मी नं 14447877W हवलदार पाटील दीपक शिवाजी 199 मिडीयात रेजिमेंट मेरे सैनिक दस्तावेज में मेरी पत्नी का नाम भारती पाटील (Bharti Patil) है जो की गलत है मेरी पत्नी का नाम भारती दिपक पाटील (Bharti Dipak Patil) है जो की सही और सत्य है।

मैं आर्मी नं 14447877W हवलदार पाटील दीपक शिवाजी 199 मिडीयात रेजिमेंट मेरे सैनिक दस्तावेज में मेरी पुत्री का नाम जागृति (JAGRUTI) है जो की गलत है मेरी पुत्री का नाम जागृति दिपक पाटील (Jagruti Dipak Patil) है जो की सही और सत्य है।

मैं आर्मी नं 14447877W हवलदार पाटील दीपक शिवाजी 199 मिडीयात रेजिमेंट मेरे सैनिक दस्तावेज में मेरी पुत्री का नाम देवयानी पाटील (DEVYANI PATIL) है जो की गलत है मेरी पुत्री का नाम देवयानी दिपक पाटील (Devyani Dipak Patil) है जो की सही और सत्य है।

मैं आर्मी नं 14447877W हवलदार पाटील दीपक शिवाजी 199 मिडीयात रेजिमेंट मेरे सैनिक दस्तावेज में मेरे पिताजी का नाम शिवाजी (SHIVAJI) है जो की गलत है मेरी पिताजी का नाम शिवाजी शेनपडु पाटील (Shivaji Shenapadu Patil) है जो की सही और सत्य है।

मैं आर्मी नं 14447877W हवलदार पाटील दीपक शिवाजी 199 मिडीयात रेजिमेंट मेरे सैनिक दस्तावेज में मेरी माताजी का नाम इंदूबाई (INDUBAI) है जो की गलत है मेरी माताजी का नाम इंदूबाई शिवाजी पाटील (Indubai Shivaji Patil) है जो की सही और सत्य है।

I Army No. JC-389145W Rank-NB Sub. name Pebeti Tulasi Reddy Regt. R/o Vill. PO-Thangadancha, Jupadu Bunglow Mandal, Dist.-Kurnool, Andhra Pradesh, have changed my mother's name from P Venkatalakshmammy to P Venkatalakshmamma and DOB from 01-07-1960 to 18-06-1958 in my service records for all future purpose.

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य प्रभु दयाल गुर्जर पुत्र गंगाराम गुर्जर ने एक प्लॉट नंबर 7 विवेकानन्द मार्ग, जयपुर शाकिर खान से क्रय किया है जिस किसी दीगर व्यक्ति को आपत्ती हो तो 7 दिन में आकर मुझसे या मेरे अभिभाष्य से आकर सम्पर्क करें।

शोएब मिर्जा, एडवोकेट मो. 8003110000

दिनांक: 11.02.2026

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री हनुमान चौधरी पुत्र श्री रामदेव चौधरी उम्र 53 वर्ष जाति जाट, निवासी-238, जाटों की ढाणी, तसाडिया, तहसील फागी, जिला जयपुर राज. हाल निवासी-प्लाट नम्बर 80, पुनिया कॉलोनी, दहमीकलां, बगरू, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर ने अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र जितेन्द्र को बेदखल कर दिया है। क्योंकि जितेन्द्र मेरे अभिभाष्य के कहे अनुसार नहीं चलता है, इसलिए दिनांक 25.01.2026 से जितेन्द्र से मेरे अभिभाष्य का कोई वास्ता व लेना देना नहीं रहा है, कोई भी दीगर व्यक्ति इससे रूपये पैसे का लेन देन व अन्य चल व अचल सम्पत्ति का संव्यवहार करता है तो मेरे अभिभाष्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

दिनांक-12.02.2026 (दिनेश चन्द शर्मा) एडवोकेट मो.नं. 9928956595

MUNICIPAL CORPORATION JAIPUR

(Pandit Deendayal Uppadhyay Bhawan Lalkothi Tonk Jaipur 302015)

No. F-6(I)DCR-FIRST (J.S)RO.LIC.N.J/2026/651 Date : 11-02-2026

PUBLIC NOTICE

The licensee M/s/ Indus Tower Limited Jaipur (Particulars of Licensee) has submitted application in this office for granting permission for erection/ installation of telecom tower aboveground telegraph infrastructure on the land or building or location mentioned below :-

Sr. No.	Site ID	Address
1	IN 3455337	On Divider Opp. Plot No.23H, Sector-23,Pratap Nagar, NRI Colony Road Haldi Ghati Marg, Near Pratap Enclave Ward No.115, Pratap Nagar, Jaipur

Therefore, it is hereby informed to all concerned that if, any body has any objection or suggestion on granting permission for installation or establishment of above mentioned telecom infrastructure on the land/location above, he may submit objection or suggestion along with supporting documents before the undersigned during office hours on any working day within 7 days of the publication of this notice.

In absence of any objection/ suggestion within above stipulated time it any be deemed that nobody has objection/suggestion and matter will be disposed off accordingly.

Deputy Commissioner (Revenue-I) Municipal Corporation, Jaipur

प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1293 चूंकि प्रार्थी श्री ओम प्रकाश चतुर्वेदी, 1496 बालाजी की कोठी का रास्ता, घाटगेट जयपुर-302002 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास मानव विकास संस्था, ए-626, वर्ल्ड ट्रेड पार्क, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर-302017 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 11.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 15.04.2026

मोहर अदालत — सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1189 चूंकि प्रार्थी श्री बवीता शर्मा फ्लैट नं. 405 प्लॉट नं. 98-102 सिटी पार्क महावीर नगर मानसरोवर, जयपुर-302020 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास हिन्दू शरणार्थी सेवा समिति, फ्लैट नं. 405 प्लॉट नं. 98-102 सिटी पार्क महावीर नगर मानसरोवर, जयपुर-302020 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 19.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 25.03.2026

मोहर अदालत — सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1222 चूंकि प्रार्थी श्री बवीता शर्मा 09 नवजीवन विहार गांधी पथ पश्चिम लालारपुरा राजस्थान-302021 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1